Current Affairs search results for: "100 national monuments to be illuminated to mark India’s assumption of G -20 Presidency on 1 December 2022"

1. 1 दिसंबर 2022 को भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के उपलक्ष्य में 100 राष्ट्रीय स्मारकों को रोशन किया जाएगा (Nov. 30, 2022)

100 national monuments to be illuminated

भारत सरकार ने 1 दिसंबर 2022 को जी-20 समूह की भारत की अध्यक्षता के पहले दिन को चिह्नित करने के लिए **जी-20 प्रतीक चिन्ह** के साथ देश में 100 स्मारकों को रोशन करने का निर्णय लिया है।

इंडोनेशिया में जी-20 बाली शिखर सम्मेलन के दौरान इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो ने 16 नवंबर 2022 को सांकेतिक रूप से प्रधानमंत्री मोदी को जी-20 का अध्यक्ष पद सौंपा था । लेकिन आधिकारिक तौर पर भारत 1 दिसंबर 2022 से जी-20 की अध्यक्षता संभालेगा ।

भारत **1 दिसंबर 2022 से 30 नवंबर 2023 तक** जी-20 की अध्यक्षता करेगा।

अपनी अध्यक्षता के दौरान, भारत देश भर में कई स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा।

राज्य/सरकार के प्रमुखों के स्तर पर **18वां जी-20** नेताओं का शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर, 2023 को **नई दिल्ली** में आयोजित होने वाला है।

प्रतीक चिन्ह(लोगो)

जी -20 का प्रतीक चिन्ह भारत के राष्ट्रीय ध्वज के जीवंत रंगों से प्रेरणा लेता है - केसरिया, सफेद और हरा, और नीला। यह भारत के **राष्ट्रीय फूल कमल** के साथ पृथ्वीग्रह को जोड़ता है जो चुनौतियों के बीच विकास को दर्शाता है।

पृथ्वी, जीवन के प्रति भारत के ग्रह-समर्थक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो प्रकृति के साथ पूर्ण सामंजस्य में है। जी -20 प्रतीक चिन्ह के नीचे **देवनागरी लिपि में "भारत"** लिखा है।

विषय (थीम)

भारत के जी -20 प्रेसीडेंसी का विषय - "**वसुधैव कुटुम्बकम**" या "एक पृथ्वी एक परिवार एक भविष्य" - **महा उपनिषद** के प्राचीन संस्कृत पाठ से लिया गया है।

यह विषय सभी जीवन, मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीवों के मूल्य और पृथ्वी ग्रह पर और व्यापक ब्रह्मांड में उनके परस्पर संबंध की पुष्टि करता है।

प्रतीक चिन्ह और थीम का संदेश

प्रतीक चिन्ह और थीम मिलकर भारत के जी -20 प्रेसीडेंसी का एक शक्तिशाली संदेश देते हैं, जो इस अशांत समय में, एक स्थायी, समग्र, जिम्मेदार और समावेशी तरीके से दुनिया में सभी के लिए न्यायसंगत और समान विकास के लिए प्रयास कर रहा है।

भारत के लिए, जी -20 प्रेसीडेंसी "अमृतकाल" की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो 15 अगस्त 2022 को अपनी स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ से शुरू होने वाली 25 साल की अवधि है।

जी 20 का समूह 19 देशों और यूरोपीय संघ का एक बहुपक्षीय संगठन है।इसकी स्थापना 1999 में हुई थी। भारत 1999 से जी 20 का सदस्य रहा है।